// कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा, जिला-दुर्ग(छ.ग.) //

cmobhilaicharoda@gmail.com, www.nagarnigambhilaicharoda.com, Phone No-0788-2283410, Fax No-0788-2284488

# सामान्य सभा दिनांक 31/03/2018 कार्यवाही विवरण

दिनांक 31/03/2018 को अपरान्ह 12:00 बजे सभापति महोदय द्वारा सभी उपस्थित जनों की उपस्थिति में सभा राष्ट्रगीत के साथ प्रारम्भ हुआ। इसी समय वार्ड कं. 33 के पार्षद श्री रामकुमार सूर्यवंशी जो अपनी कुछ मांगो के पूर्ण न होने के कारण सभागार के मुख्य दरवाजे के सामने जमीन पर बैठे गये। उन्हे ससम्मान अन्दर लाने के लिये सभापति महोदय द्वारा नेता प्रतिपक्ष श्री संतोष तिवारी एवं वरिष्ठ पार्षद श्री दिलीप पटेल को अधिकृत किया गया। दोनो पार्षदों द्वारा श्री सूर्यवंशी को समझाकर सभा के अंदर ले कर आये वह अपनी सीट पर बैठे।

सभापति महोदय के निर्देशानुसार 12:15 बजे महापौर महोदया द्वारा बजट प्रस्तुत किया गया। श्री संतोष तिवारी एवं श्री रामकुमार सुर्यवंशी द्वारा बजट प्रति पार्षदों को पूर्व से वितरण करने की मांग की गई।

आसंदी द्वारा 2018-19 अनुमानित बजट प्रारूप सभी सदस्यों को मिलने की जानकारी ली गई साथ ही बजट पर विस्तृत चर्चा हेतु सभी पार्षदों को कम से आमंत्रित किया गया।

श्री लावेश मदनकर पार्षदः- वित्तीय वर्ष 2018-19 बजट जो महापौर महोदया द्वारा प्रस्तुत किया गया वह नगर पालिक अधिनियम 1956 की धारा 97, 98 का पालन नही किया गया इस बैठक को स्थगित करने की मांग करने लगे तथा धारा 25 का भी पालन नही किया गया है। इसके तहत सलाहकार समिति/विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग में चर्चा होनी चाहिये, श्री बहलराम साहू पार्षद ने 2018-19 के बजट जनमानस के विचार का मान रखते हुये 40 वार्डो के मुक्तिधाम में चौकीदार/ सौंदर्यीकरण की बात कही, हथखोज मार्ग जर्जर है तथा जहां-जहां बाजार है वहां शौचालय नहीं है शौचालय बनाई जाये। श्री संतोष तिवारी द्वारा बजट कापी पहले दिया जाये तत्काल में क्या बहस करेंगें आपत्ति करने लगे। श्री लावेश मदनकर ने 1:00 बजे आज की सभा बर्खास्त करने की मांग करने लगे। पार्षदो के मांग अनुरूप सभापति ने आयुक्त से जानकारी लेना चाहां 30 नवम्बर तक बजट क्यो तैयार नहीं किया गया ? आयुक्त ने जानकारी दी कि 30 नम्बर तक आय-व्यय की सही आंकडे प्राप्त नही होता क्यो की सामान्यतः देखा गया है कि नवंबर तक राजस्व वसूली बहुत ही कम रहता है एवं बारिश समाप्ति के बाद विकास कार्य प्रारंभ हुआ रहता है इसलिये इसमें वांछित व्यय भी परिलक्षित नही होता। प्रचलन में यही व्यवस्था है कि बजट जनवरी माह में प्राप्त आय एवं व्यय के आंकडो के आधार पर ही तैयार किया जाता है। नियमानुसार बजट प्रस्तुत करने में विलंब हुआ है। माननीय महापौर द्वारा भी बजट कॉपी पूर्व से वितरण करने पर गोपनीयता भंग होने की बात कही गई। इसी बीच सभी कांग्रेसी पार्षद श्री लावेश मदनकर, श्री राजेश दाण्डेकर, श्री संतोष तिवारी, श्रीमती संतोषी निषाद, श्री बहलराम साहू, श्री सूरज बंछोर, श्री मोहन साहू, श्री धर्मेन्द्र कोसरे, श्री रामकुमार सुर्यवंशी, श्रीमती कुन्ती लहरे, श्रीमती किरण राजू नायडू, श्रीमती विमला बंछोर, श्रीमती दीपा चन्द्राकर, श्री जीत सिंह आदि के द्वारा सदन का बहिष्कार करते हुये 01:00 बजे सदन से बाहर चले गये। शेष पार्षद यथा स्थान बैठे रहे तथा कोरम पूरा रहा। इसलिये उपस्थित पार्षद बजट पर अपने विचार रखे।

1. सर्वप्रथम श्री रामा रेडडी एल्डरमेनः- वित्तीय वर्ष 2018-19 का माननीय महापौर महोदया द्वारा प्रस्तुत बजट जनहित में है, सभी वार्डो का ध्यान रखा गया है, हमें बजट को सर्वसम्मति में पारित करना चाहिये साथ ही उन्होंने कहा कि हम जनता के चुने हुये प्रतिनिधि है हमें अपनी बात सदन में बैंठकर चर्चा/बहस करनी चाहिये न कि सदन से बाहर चले जाये।

इस पर सभापति महोदया द्वारा कहा गया कि यह उनके विरोध दर्ज करने की प्रकिया है इस विधान के दायरे में रहकर कार्य किया गया है क्योंकि बजट एक आईना है।

2. कु. बिन्दू शर्मा पार्षदः– प्रस्तुत बजट को बहुत ही सुन्दर बताया है बजट में लोक सुराज अभियान, राशनकार्ड, मजदूर कार्ड, स्वच्छता अभियान कचरा कलेक्शन, आदि सभी चीजे शामिल किया गया है बजट को जनहित में सर्वसम्मति से पारित किया जाये।
3. श्री चन्दप्रकाश पाण्डेयः– प्रस्तुत बजट को अच्छा बताया यह निकाय पालिका से निगम बना तथा हमारे परिषद के सभी पार्षद/एम.आई.सी. एवं निगम के सभी अधिकारी/कर्मचारी बेहतर काम कर रहे है तभी तो हम लाभ का बजट पेश कर रहे है। बजट को जनहित में सर्वसम्मति से पारित करना चाहिये।
4. श्रीमती सुषमा जेठानीः– प्रस्तुत बजट जनहित को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जिसे सर्वसम्मति से चर्चा करना चाहिये सदन सें बाहर जाना कोई समाधान नही है।

5- श्री तुलसीराम ध्रुवः– प्रस्तुत बजट लाभ का है। सभापति महोदय जी को कुछ समझ नही आ रहा है तो बजट का आप अवलोकन कर सकते है।

6- श्री फिरोज फारूकीः– सलाहकार समिति की बैठक होती है आवश्यकतानुसार कार्य प्रस्तावित किया जाता हैं।

7- श्री किशोर साहूः– प्रस्तुत बजट जनता के हित में है माननीय महापौर महोदया को बधाई देता हूँ।

सभापति द्वारा सदन से बाहर बैठे सम्मानित पार्षदों को अंदर आकर अपने सीट पर बैढने का अनुरोध किये।

8- श्री राजुकुमार देवांगनः– छोटी–छोटी बातो को लेकर सदन से बाहर जाना, जमीन पर बैढना, अच्छी बात नहीं हैं।

9- श्री सुरेश शुक्लाः– बजट को आम जनता तक पहुंचाने वाले प्रेस/मीडिया के साथी को विधिवत आमंत्रण दिया जाना चाहिये।

सभापति महोदय द्वारा 01:30 बजे से 02:30 बजे तक ब्रेक की घोषणा की गई। 02:30 बजे सभा पुनः प्रारम्भ हुई। सत्र प्रारम्भ होते ही सम्मानित पार्षद जो कि सदन से बाहर बैठ है उन्हे सम्मानपूर्वक अंदर लाने के लिये निगम सचिव श्री अश्वनी चन्द्राकर को अधिकृत किया गया। 02:35 को सभी पार्षद सभासदन में आकर अपने स्थान पर बैठ गये।

सभापति द्वारा सदन की कार्यवाही आगे बढाते हुये प्रस्तुत बजट पर पार्षदों से सुझाव आमंत्रित किया गया । चर्चा में निम्नानुसार पार्षदो ने अपने विचार रखे :–

1. श्रीमती कीर्ति नायक एल्डरमेनः– प्रस्तुत बजट को सही और अच्छा बताया बजट में महापौर महोदया द्वारा सभी वार्डो के हितों का ध्यान रखा गया है जनहित में बजट को सर्वसम्मति में पारित किया जाये।

2- श्री जीत सिंह पार्षदः– फाकिंग मशीन का प्रावधान पिछली बजट में था। इसमें भी रखा गया है फाकिंग मशीन कय किया जावे। सभी पार्षद को मोबाइल सिम दिया जावे।

3- श्री मोहन साहू पार्षदः– बजट में सौर उर्जा का प्रावधान हो जिसमें बिजली बिल में कमी हो। मुक्तिधाम के लिये व्यय प्रावधान अनुरूप कार्य किया जाये। स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित शौचालय का पूर्व पार्षद श्री वेंकट को भुगतान नही हुआ है वर्ष 2007–08 सर्वे सूची में नाम नही है उनको भी पेंशन का लाभ मिलना चाहिये।

4- श्रीमती एम. अरूणा एल्डरमेंन :– प्रस्तुत बजट वार्डो के हितों को देखकर किया गया है इसे सर्वसम्मति से पारित किया जाना चाहिये।

5- श्री सुशील शर्मा एल्डरमेन :– प्रस्तुत बजट को जनहित में बताया बजट में सर्वसुविधायुक्त, आडोटोरियम, इंडोर स्टेडियम, मिनी स्टेडियम, कांजी हाउस व कुत्ते नसबंदी, रेल्वे क्षेत्र में एस.एल. आर.एम. सेंन्टर निर्माण सभी वार्डो में समान विकास की बाते है सभी बधाई के पात्र है इसे हमें जनहित में सर्वसम्मति से पारित करना चाहिये।

6- श्री संतोष तिवारी पार्षद :– प्रस्तुत बजट में सभी हेड शामिल है लेकिन विगत वर्ष राज्य प्रवर्तित योजना के कोई कार्य नही हुआ, सफाई अभियान, फॉगिंग मशीन, रोड रोलर की संसाधन कय की

आवश्यकता है, वार्ड 07 में वर्तमान मे 47.00 लाख रू की पक्की नाली निर्माण प्रस्तावित है जिसकी वर्तमान में आवश्यकता नही है, पेड़ लगाना आवश्यक है, चौक सौन्दर्यीकरण कार्य किया जावे। इस नाली निर्माण का स्थल परिवर्तन कर अन्य स्थल पर आवश्यकतानुसार कार्य कराया जावें।

7- श्री रामकुमार सूर्यवंशी पार्षदः–

- बजट में ग्रामीण क्षैत्रों में सिटी बस उरला, देवबलौदा, सिरसा, सोमनी, मोरिद, गनियारी, हथखोज, अकलोरडीह, जरवाय, उमदा में चालू किया जावे।
- प्राचीन शिवमंदिर देवबलौदा के विकास हेतु बजट 5 करोड़ व्यय प्रावधान हो।
- शमशान घाट संधारण कार्य के लिये प्रावधान हो।
- सर्वेसूची 2007–08 में नाम नही है उन्हे पेंशन का लाभ मिले।
- तालाब सौन्दर्यीकरण प्रस्तावित हो। बंधवा/कारसा तालाब देवबलौदा का सौंदर्यीकरण कराया जावे।
- फर्निचर व्यवस्था हेतु व्यय प्रावधान था, लेकिन कार्य कियान्वयन किया जाये।
- पार्षदों को पेंशन की व्यवस्था हो।
- पार्षद निधि का कार्य तत्काल प्रारंभ हो।
- मोबाइल सिम प्रदाय किया जाये।

8. श्री राजेश दाण्डेकर पार्षदः– वर्तमान प्रस्तुत बजट को आनन फानन में पेश किया गया है, जैसे देवबलौदा महोत्सव भी आनन फानन में मनाया गया। बजट पहले शब्दों का अब आंकडों का खेल बताया। श्री दाण्डेकर ने महापौर द्वारा पढ़ी गई शायरी के लिये भी व्यंग्य किया गया। शहर को आधुनिक बनाने की सुविधा हो नाला/नाली निर्माण हो रहा है पर सफाई की बात नही है। वसूली शक्ति से करने के बजाय समय पूर्व जमा करने वाले कर दाताओं को छूट का प्रावधान हो, फाकिंग मशीन, मिनी स्टेडियम, चौपाटी का निर्माण, सार्वजनिक जगहो पर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों हेतु यूनिरल बनाये, देवबलौदा शिवतीर्थ के नाम से बजट प्रावधान हो धार्मिक स्थल का विशेष ध्यान रखे, वाटर एटीएम लगाया जाये, राशन कार्ड हेतु वर्ष 2007–08 सर्वे सूची में नाम नही है उनको भी शासन योजना का लाभ मिले। श्रद्धांजली राशि में विलम्ब न हो शासन निर्देश का पालन करते हुये मृतक परिवार को तत्काल इसका लाभ मिले, अतिकमण हेतु तोडू दस्ते का शीघ्र गठन हो जिसे वार्ड में होने वाले अवैध निर्माण हटाया जा सके, सी.सी. रोड, नाली संधारण/ सड़क मरम्मत पर व्यव प्रावधान बढ़ाया जाये क्योकि क्षेत्र के समस्त रोड़ वृहत पेयजल के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है, पत्रकरो को आमंत्रण विधिवत भेजा जाये, सभी कर्मचारी के लिये भोजन की व्यवस्था हो, बजट में कोई नया नही है पिछले कार्यकाल का वर्तमान समय में फीता काटना नही होना चाहिये। यह बजट इच्छा शक्ति की कमियों को दर्शाता है। पिछले बजट में नया बजट आंकडा का मायाजाल है यह बजट टायटाय फिश शाबित है।

9. श्री रामा रेडडी एल्डरमेनः– प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2018–19 बजट पर सभी वार्डो का ध्यानाकर बनाया गया है। हर नागरिक को पानी एव बिजली बचाने की सोचना है साथ ही प्रतिव्यक्ति हर वर्ष एक पौधा जरूर लगाये व उसको संरक्षित करें, बजट को जनहित में सर्वसम्मति में पारित किया जाये।

10. श्री बहलराम साहू पार्षदः– बजट बैठक या कोई भी अन्य बैठक त्यौहार में आयोजित न करें। सर्वे सूची 2007–08 से वंचित सभी परिवारों को गैस, पेंशन, राशन कार्ड, श्रद्धाजंली योजना का लाभ मिले। साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर में एक नग तत्काल बोर खनन की मांग की है।

11. श्री लावेश मदनकर पार्षद :– प्रस्ततु बजट कापी से अधिकारी/कर्मचारियो के उल्लेखित वेतन भत्ता आदि को हटाने, निगम विकास के लिये निर्यात कर, औद्योगिक क्षेत्र में वसूली की जानकारी चाही गई। पिछले बजट बैठक से वर्तमान बैठक सुधरा है इसके लिये धन्यवाद दिया। कम्प्यूटर/फर्नीचर कुछ पार्षदों की बैठने की व्यवस्था उनके निजी स्थलो पर चाही गई। मूलभूत सुविधा पानी, बिजली, मकान, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, वार्ड–13 में बोर टेंकरों के माध्यम से पानी उपब्ध करें। एस.एल. आर.एम. सेंटर से पानी प्रदाय हो, राममंदिर के पास वाटर एटीएम लगाया जाये, कुत्ता नसबंदी के

साथ–साथ सुअर आदि के स्वाईन फ्लू से बचाव की व्यवस्था हो। काम नहीं करने वाले अधिकारी कर्मचारी को चार्जसीट जारी करें। हमारे कुछ नये बच्चें को प्लेसमेंट कर्मी/स्वसहायता में भर्ती किया जाये। बजट छोटा व सार्ट में रखा जाये। बजट पर आमंत्रित सुझाव की कडी समाप्त होने के पश्चात् सभापति द्वारा शासन से प्राप्त लोक महत्व के प्राप्त पत्रों की जानकारी देने के लिये निगम सचिव श्री अश्वनी चन्द्राकर को निर्देशित किया गया।

1. प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के हितग्राहियों की सूची के विस्तार के संबंध में ।
2. छ.ग. राशन कार्ड नियम 2016 प्रावधानों के अनुसार राशन कार्ड जारी किये जाने विषयक।
3. शासन द्वारा बाजार शुल्क समाप्त करने की जानकारी।
4. स्व. सहायता समूह को पार्किंग कार्य दिये जाने बाबत्।

उपरोक्त पत्रो की प्रति पार्षदों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

उपरोक्त सभी पार्षदों के बजट पर विस्तृत चर्चा पश्चात सभापति महोदय द्वारा आसंदी से व्यक्तव्य दिया गया कि सभी के मन में शहर के विकास की तडप है विकास सही दिशा में हो जागरूक जनप्रतिनिधि ा चाहते है की कार्यो का लाभ सभी को मिले। शुरूआत में कुछ विरोध प्रदर्शन किया गया। बजट कापी पहले वितरण किया जाये जिस पर गोपनीयता की बात सामने आई इस पर मार्गदर्शन प्राप्त करने शासन से पत्राचार किया जावे। साथ ही बजट बनाने की तिथि पर आयुक्त महोदय के कथन पर सहमति जताते हुये शासन के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। एम.आई.सी. सदस्यों को निर्देशित किया कि धारा 45 (5) के अनुसार प्रति 01 माह मे सलाहकार समिति तथा प्रत्येक 02 माह में सामान्य सभा/विशेष सम्मेलन आवश्यकतानुसार अयोजित करें। बजट निश्चित रूप से संस्था का आईना है महापौर, एम.आई.सी सदस्य तथा पार्षदगण विकास की दिशा तय करे और अच्छा होता हर तीसरे माह में प्रस्तुत बजट पर समीक्षा हेतु चर्चा हो। अतिक्रमण हेतु एक विशेष दस्ता का गठन हो। श्रद्धांजली योजना का लाभ तत्काल गरीबों को प्राप्त हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें। सम्मानित सदस्यों को विकास के लिये साथ लेकर चले। हमे 2019–20 में लाभ का बजट नहीं चाहिए, हमारा ध्येय पैसे बचाना नहीं है बल्की लोगों का दुःख तकलीफ दूर करना होना चाहिये। बचत राशि से ज्यादा सुविधा जनता को उपलब्ध कराये, हमको केन्द्र व राज्य शासन से प्राप्त योजनांतर्गत राशि जनहित में अधिक से अधिक प्राप्त कर उससे विकास कार्य करना है। हम सभी 21 वी सदी की बातें करते हैं। हमारा निकाय हमे CCTV कैमरा/वाई फाई एवं कम्प्यूटर आदि से लेस होना चाहिये, जलआवर्धन लागू होने से क्षेत्र में पानी की समस्या नहीं रहेगी इसके लिए निगम प्रशासन को मेहनत करना होगा। रेल्वे क्षेत्र के अडचनों को दूर करना होगा। प्रेस/इलेक्ट्रानिक मीडिया के सारे साथी को आमंत्रण विधिवत् अग्रिम देने की व्यवस्था किया जाये।

अतएव उपरोक्त सभी के विस्तृत सुझाव उपरांत आज प्रस्तुत बजट को सदन में सर्वसम्मति से अंगीकार किया जाता है।

दिनांक :– 31.03.2018

सचिव

सभापति